**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1798**

**08 दिसंबर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## रेशम उद्योग को बढ़ावा देना

**1798. श्री अजय कुमार मंडल:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार भागलपुर (बिहार) जिले में रेशम व्यापारियों की स्थिति में सुधार के लिए कोई कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार की खादी और ग्रामोद्योग की तर्ज पर रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में धनराशि जारी कर दी है और यदि हां, तो अब तक स्वीकृत और खर्च की गई राशि कितनी है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) और (ख):** भारत सरकार ने केंद्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी) के माध्यम से बिहार राज्य सहित देश में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. देश में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय योजनाएं अर्थात् 'सिल्क समग्र' क्रियान्वित की जा रही है।

ii. कोकून उत्पादन, उत्पादकता और रेशमकीट हाइब्रिड को सुधारने के लिए अनुसंधान और विकास पद्धति को सुदृढ़ किया गया है।

iii. देश में आयात स्थानापन्न बाइवोल्टाइन रेशम का उत्पादन करने, बाइवोल्टाइन हाइब्रिड की उत्पादकता विकसित करने के लिए अनुसंधान और विकास पर फोकस किया जा रहा है।

iv. शीत भंडारण सुविधा और बाइवोल्टाइन भंडारण को सुदृढ किया गया है।

v. बाइवोल्टाइन कोकून से 3ए-4ए ग्रेड वाली कच्ची रेशम के उत्पादन के लिए, देश में स्वचालित रीलिंग मशीन (एआरएम) इकाइयां स्थापित की गई हैं।

vi. सीएसबी की सहायता से बिहार राज्य द्वारा थाई रीलर महिलाओं को बुनियादी रीलिंग मशीनें (बीआरएम) प्रदान की जा रही हैं।

vii. रेशम का उत्पादन बढ़ाने के लिए बुल्गारिया, आस्ट्रेलिया, जापान, स्वीडन और उज्बेकिस्तान के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

viii. 'भारतीय सिल्क' को 'सिल्क मार्क टैग' के साथ जेनरिक प्रोमोशन के माध्यम से वैश्विक बाजार में ब्रांड के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

ix. घरेलू सिल्क विविंग और निर्यात क्षेत्र को मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कच्ची रेशम के आयात पर 15% बुनियादी सीमा शुल्क लगाया गया है।

**(ग) से (घ):** पिछले चार वर्षों (2017-18 से 2020-21) के दौरान, लाभार्थी उन्मुखी महत्वपूर्ण फील्ड लेवल इंटरवेंशन के क्रियान्वयन के लिए सिल्क समग्र योजना के अंतर्गत बिहार राज्य को 665.96 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

*****